१रु. कोर्ट फी Re.1 COURT FEE भारत INDIA एक रुपया ONE RUPEE

रीडर
यह दावा/प्रार्थना पत्र ...... आज मेरे समक्ष पेश किया गया है। अतः प्रकरण दर्ज कर रिपोर्ट पेश करें।
उपखण्ड अधिकारी
किशनगढ़ (अजमेर)

# न्यायालय श्रीमान् उपखण्ड अधिकारी महोदय, किशनगढ

राजस्व वाद संख्या 7 /2019

27/3/19.

1. अनिल पुत्र स्व. श्री लक्ष्मण पुत्र स्व. श्री बोदू जाति रावत आयु 13 वर्ष निवासी ग्राम ढाणी पुरोहितान तहसील किशनगढ जिला अजमेर (राज.)
2. अशोक पुत्र स्व. श्री लक्ष्मण पुत्र स्व. श्री बोदू जाति रावत आयु 13 वर्ष नाबालिग जरिये भ्राता अनिल पुत्र स्व. श्री लक्ष्मण रावत निवासी ग्राम ढाणी पुरोहितान तहसील किशनगढ जिला अजमेर (राज.)
3. कुमारी सुमन पुत्री पुत्री स्व. श्री लक्ष्मण पुत्र स्व. श्री बोदू जाति रावत आयु 13 वर्ष नाबालिग जरिये भ्राता अनिल पुत्र स्व. श्री लक्ष्मण रावत निवासी ग्राम ढाणी पुरोहितान तहसील किशनगढ जिला अजमेर (राज.)

.... वादीगण

बनाम

1. रेखा पुत्री स्व. श्री हीरा जाति रावत आयु 17 वर्ष नाबालिग जरिये संरक्षिका दादी मु. सेजा पत्नि स्व. श्री बोदू रावत आयु 70 वर्ष निवासी देवडूँगरी, मदनगंज–किशनगढ तहसील किशनगढ जिला अजमेर राज.
2. मु. सेजा पत्नि स्व. श्री बोदू जाति रावत आयु 70 वर्ष निवासी देवडूँगरी, मदनगंज–किशनगढ तहसील किशनगढ जिला अजमेर
3. श्रीमान् उप पंजीयक महोदय, किशनगढ
4. श्रीमान् तहसीलदार साहब, किशनगढ

.... प्रतिवादीगण

प्रार्थना पत्र अर्न्तगत आदेश 9 नियम 9 सी.पी.सी

सपठित धारा 151 सी.पी.सी.

महोदय,

वादीगण की ओर से निवेदन है :–

1. यह कि प्रस्तुत प्रकरण दिनांक 14.3.2018 को न्यायालय के समक्ष विचाराधीन था।

महोदय,

यह प्रार्थना पत्र प्रार्थीगण की ओर से वकील गोविन्ददास पुरोहित द्वारा O 9 R 7 CPC सहपठित धारा 151 CPC प्रस्तुत किया जाय रिपोर्ट बिन्दुवार इस प्रकार है

1- यह प्रार्थना पत्र न्यायालय के क्षेत्राधिकार में है

2- प्रार्थना पत्र के साथ प्रार्थी वकील गोविन्ददास पुरोहित का शपथ पत्र संलग्न है

3. प्रार्थना पत्र के समर्थन में तलवाना संलग्न है

4. आदेश दि 14.3.18 की प्रमाणित प्रति संलग्न है अतः प्रार्थना पत्र समय सीमा के भीतर है

अतः प्रार्थना पत्र अवलोकनार्थ पेश है

issue notice SD/88

27.3.19

2. यह कि दिनांक 6.12.2017 को वादीगण के अधिवक्ता के एक दुर्घटना में चोटग्रस्त हो जाने से उनका बांया पैर गम्भीर रूप से क्षतिग्रस्त हो गया था इस कारण वादीगण के अधिवक्ता अपने ऑपरेशन तथा अति आवश्यक ईलाज के चलते तकरीबन 4 माह तक न्यायालय के कार्य संभालने में असमर्थ रहे इस कारण वादीगण के अधिवक्ता प्रस्तुत प्रकरण में दिनांक 14.3.2018 को न्यायालय में अपने पक्षकार की पैरवी करने हेतु उपस्थित नहीं हो पाये तथा ना ही किसी अन्य अधिवक्ता को प्रतिनिधित्व पत्र दे पाये जिस कारण दिनांक 14.3.2018 को वादीगण का वाद अदम हाजरी अदम पैरवी में न्यायालय श्रीमान् द्वारा खारिज फरमा दिया गया।

3. यह कि वादीगण के अधिवक्ता जब दिनांक 7.2.2019 को न्यायालय श्रीमान् के समक्ष दुर्घटना उपरान्त प्रथम बार उपस्थित हुए तब उन्हें वाद के अदम हाजरी अदम पैरवी में दिनांक 14.3.2018 को खारिज होने की जानकारी हुई।

4. यह कि अधिवक्ता द्वारा न्यायालय श्रीमान् की आज्ञा का उल्लंघन करने की कतई मंशा नहीं थी। यह अनुपस्थिति दुर्घटनावश प्राकृतिक कारण से हुई थी जिस पर अधिवक्ता का वश नहीं था जो क्षमनीय है।

5. यह कि प्रस्तुत प्रार्थना पत्र 14.3.2018 खारिज होने की जानकारी दिनांक 7.2.2019 से अन्दर मियाद 30 दिन अविलम्ब प्रस्तुत है।

6. यह कि प्रार्थना पत्र पर न्यायशुल्क के टिकिट पूरे चस्पा है।

7. यह कि प्रस्तुत प्रार्थना पत्र को सुनने का श्रवणाधिकार माननीय न्यायालय को है।

अतः श्रीमान् से निवेदन है कि वादी का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाकर न्यायहित में आदेश दिनांक 14.3.2018 को अपास्त किया जाकर प्रकरण को पुनः दर्ज किये जाने के आदेश प्रदान करावे।

किशनगढ

दिनांक :– 7/3/2019

वादीगण जरिये अधिवक्ता

<u>संलग्न</u> :–

1. शपथ पत्र वादीगण के अधिवक्ता
2. वादीगण अधिवक्ता का भर्ती तथा डिस्चार्ज प्रमाण पत्र

# न्यायालय श्रीमान् उपखण्ड अधिकारी महोदय, किशनगढ

राजस्व वाद संख्या /2017

श्योजी वगैरह बनाम अर्जुनराम वगैरह

## शपथ पत्र

मैं गोविन्द दास पुरोहित पुत्र स्व. श्री बनवारी दास पुरोहित जाति ब्राह्मण आयु 51 वर्ष निवासी पुराना शहर किशनगढ तहसील किशनगढ जिला अजमेर राज. का रहने वाला हूँ एवं निम्नांकित शपथ पूर्वक बयान करता हूँ :—

1. यह कि प्रार्थना पत्र अर्न्तगत आदेश 9 नियम 9 सपठित धारा 151 सी.पी.सी. के पेरा संख्या 1 से 7 में अंकित कथन मेरे निर्देशन में टाईप करवाये गये है जिनको बाद टंकण के मैने पढ़ लिया है जो सही है।
2. यह कि इस शपथ पत्र को प्रस्तुत प्रार्थना पत्र का एक अभिन्न अंग एवं हिस्सा माना जावे, समझा जावे एवं पढ़ा जावे।

किशनगढ

दिनांक :— 7/3/2019

शपथकर्ता

## सत्यापन

मैं उपरोक्त नाम शपथकर्ता सत्यापित करता हूँ कि इस शपथ पत्र के पेरा संख्या 1 से 2 में अंकित कथन मेरी निजी जानकारी अनुसार सही एवं सत्य है।

किशनगढ

दिनांक :— 7/3/2019

सत्यापनकर्ता

S. No. 121 Date 7/3/19 Time 12.56

Affidavit duly sworn before me by

Shri गोविन्द दास पुरोहित

S/o स्व. श्री बनवारी दास ब्राह्मण किशनगढ

who is ...

& who is p... me

Oath Commissioner, Kishangarh